7 जून 2013

जिला प्रशासन का गांव तारागढ (खण्ड राजौंद) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1 कृषि विभाग द्वारा 70 किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 87 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 24 डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाए गए ।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 326 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. रक्तदान शिविर में 24 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

6. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 156 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

7. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविगं लाईसैंस के लिए 87 व्यक्तियों का मैडिकल चैक अप किया गया।

8 पशुपालन विभाग द्वारा 350 पशुओं का उपचार किया गया।

9. निर्वाचन विभाग द्वारा 82 नए वोट बनाए गए ।

10. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 30 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

11. श्री ओमप्रकाश जिंदल जन कल्याण संस्थान द्वारा 130 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

12. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 430 लोगों का उपचार किया गया। 104 विभिन टैस्ट किए गए तथा 46 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई।

13. लीड बैंक द्वारा 66 व्यक्तियों को ऋण संबंधी जानकारी दी गई।

14. गांव में थ्री पोंड सिस्टम की घोषणा की गई। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1820 फुट पाईप लाईन बिछाने की प्रक्रिया को आगे बढाने का आश्वासन दिया गया।

15. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा गांव के शत –प्रतिशत निशक्त व्यक्ति सत्यवान को इंजन वाली साईकिल तथा खेल कूद में अव्वल रहने वाली अनु को खेल किट उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई।

16. द्वितीय विश्वयुद्ध में बहादुरी का परिचय देने वाले गावं के सबसे उम्रदराज खेमचंद,1994 में देश की अस्मिता की रक्षा के लिए जम्मु एवं कश्मीर की सीमा पर शहीद होने वाले कृष्ण सिंह की पत्नी सरोज देवी, 50 वर्षीय मनियारी का काम करने वाली संघर्षमयी मां को मेंहनत करके अपनी 5 बेटीयों व 2 बेटों को शिक्षा दिलाने, अपने बेटे की शादी बिना दहेज व बिना बारात के करने वाले राजबीर, पढी–लिखी बहु मीनाक्षी, खेल कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 14 वर्षीय अन्नु तथा शत–प्रतिशत निश्क्त होने के बावजूद 5 भाई – बहनों का भरण पोषण करने वाले सत्यवान को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।